भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 207
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार, 19 जुलाई, 2018 को दिया जाना है

इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड. कोटा का एस्क्रो अकाउंट

207. सरदार बलविंदर सिंह भुंडरः

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि मेसर्स इंस्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड कोटा पिछले दो वर्षों के दौरान एस्क्रो अकाउंट में रखे गए छोटे उद्यमों के प्रतिधारण, परिचालन तथा अनुरक्षण राशि को जारी नहीं कर रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो एस्क्रो अकाउंट में रखी गई ऐसी राशि का कंपनी- वार ब्यौरा क्या है और इस प्रकार की भुगतान-राशि के प्रतिधारण के क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त उद्यम द्वारा प्रधान मंत्री की फ्लैगशिप योजना 'व्यापार की सुगमता' के क्रियान्वयन को देखते हुए इस प्रकार के भुगतान को जारी करने हेतु कौन-कौन से कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अनंत ग. गीते)

(क): जी, नहीं।

यह सत्य नहीं है। दावों के सत्यापन के उपरान्त इस प्रकार की राशि जारी की जाती है।

(ख) और (ग): ₹1,51,81,009/- की राशि जारी किए जाने से पूर्व मै. केपिटल पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लि., नोएडा के केवल एक दावे का सत्यापन किया जा रहा है।

******